# ई–निविदा शर्त बाबत कार्य/पत्रावली संख्या SBMSS-2021/02

स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत स्वच्छता/पर्यावरण/सौन्दर्यकरण/स्लोगन/प्रदूषण आदि के जन जागरूकता के लिये प्रचार–प्रसार कराये जाने हेतु वॉल पेन्टिंग/डिजाईनिंग/स्लोगन/आर्ट/लेखन आदि के कार्य की प्रति वर्ग फुट दरों की ई–निविदा शर्ते।

1. यह कि वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 की अवधि हेतु वॉल पेन्टिंग/डिजाईनिंग/स्लोगन/आर्ट/लेखन आदि के कार्य की प्रति वर्ग फुट दर (पेन्ट, लेबर, आदि सहित) की ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।
2. यह कि निविदा टू–बिड सिस्टम में डाली जायेगी। समस्त वांछित प्रपत्र ऑनलाईन ई–टैण्डरिंग वेबसाईट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
3. यह कि निविदादाता/फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेश निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण–पत्र तथा फर्म/कम्पनी को स्व घोषित शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
5. यह कि निविदादाता/फर्म को अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
6. यह कि निविदादाता/फर्म को अंकन 1298.00 रू0 (जी0एस0टी0 सहित) निविदा शुल्क के रूप में डी0डी0 लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के नाम देनी अनिवार्य है। जो कि निविदा के समय अपलोड की जायेगी।
7. यह कि निविदादाता/फर्म को कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में मूल डी0डी0 एवं एफ0डी0आर0 लिफाफे में बन्द कर के डालनी अनिवार्य है।
8. यह कि निविदादाता/फर्म को निविदा के साथ अंकन 75000.00 की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 लेखाधिकारी नगर निगम, सहारनपुर के नाम बन्धक कर अपलोड करनी होगी। बिना जमानत राशि की निविदा मान्य नहीं होगी।
9. यह कि बन्धक एफ0डी0आर0 कार्य/अनुबन्ध समाप्ति के तीन माह उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।
10. यह कि निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
11. यह कि निविदादाता/फर्म स्वीकृत दर पर कार्य करेगा तथा कोई भी ऐसा मैटिरियल/सामग्री प्रयोग नहीं करेगा, जो कि प्रतिबन्धित हो।
12. यह कि निविदादाता/फर्म को पेन्टिंग कार्य की मैटिरियल व लेबर सहित दर प्रति वर्ग फुट में देनी होगी। नियमानुसार देय जी0एस0टी0 अतिरिक्त।
13. यह कि किये गये कार्य के फोटोग्राफ कार्य उपरान्त बिल के साथ संलग्न करने होंगें तथा किये गये कार्य की एम0बी0 बनने उपरान्त भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
14. यह कि निगम एवं जनहित में किसी भी शर्त को घटाने अथवा बढ़ाने एवं संशोधित करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
15. यह कि यदि कार्य के दौरान स्वीकृत निविदादाता/फर्म के श्रमिक के साथ कोई घटना–दूर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता/फर्म की होगी। नगर निगम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
16. यह कि निविदादाता/फर्म को निविदा शर्त संख्या– 4, 6, 8 व 10 के अभिलेख मूल रूप में कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में निर्धारित दिनांक एवं समय में डालने अनिवार्य हैं।
17. यह कि निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
18. यह कि स्वीकृत निविदादाता/फर्म को अनुबन्ध हेतु अंकन 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर देना होगा।
19. यह कि किसी भी वाद–विवाद के लिये नगर आयुक्त महोदय का निर्णय मान्य होगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी

Scanned with CamScanner

# ई–निविदा शर्त बाबत कार्य/पत्रावली संख्या SBMSS-2021/01

स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ सर्वेक्षण के अन्तर्गत स्वच्छता/पर्यावरण /सौन्दर्यकरण/स्लोगन/प्रदूषण आदि के जन जागरूकता के लिये प्रचार–प्रसार के लिये फ्लैक्स/बैनर तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स बोर्ड/हॉर्डिंग कम्पलीट की दरों हेतु ई–निविदा शर्तें।

1. यह कि वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 की अवधि हेतु फ्लैक्स (बैनर) कम्पलीट एवं फ्लैक्स बोर्ड मय फ्रेम के विभिन्न स्थानों पर लगाये जाने सहित प्रति वर्ग फुट दर की ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है।
2. यह कि निविदा टू–बिड सिस्टम में डाली जायेगी। समस्त वांछित प्रपत्र ऑनलाईन ई–टैण्डरिंग वेबसाईट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
3. यह कि निविदादाता/फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को चरित्र प्रमाण–पत्र तथा फर्म/कम्पनी को स्व घोषित शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
5. यह कि निविदादाता/फर्म को अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
6. यह कि निविदादाता/फर्म को अंकन 1298.00 रू0 (जी0एस0टी0 सहित) निविदा शुल्क के रूप में डी0डी0 लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के नाम देनी अनिवार्य है। जो कि निविदा के समय अपलोड की जायेगी।
7. यह कि निविदादाता/फर्म को कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में मूल डी0डी0 एवं एफ0डी0आर0 लिफाफे में बन्द कर के डालनी अनिवार्य है।
8. यह कि निविदादाता/फर्म को निविदा के साथ अंकन एक लाख की एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 लेखाधिकारी नगर निगम, सहारनपुर के नाम बन्धक कर अपलोड करनी अनिवार्य होगी। बिना जमानत राशि की निविदा मान्य नहीं होगी।
9. यह कि बन्धक एफ0डी0आर0 कार्य/अनुबन्ध समाप्ति के तीन माह उपरान्त अवमुक्त की जायेगी।
10. यह कि निविदादाता/फर्म को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र अपलोड करना होगा।
11. यह कि निविदादाता/फर्म स्वीकृत दर पर कार्य करेगा तथा कोई भी ऐसा मैटिरियल/सामग्री प्रयोग नहीं करेगा, जो कि प्रतिबन्धित हो।
12. यह कि किये गये कार्य के फोटोग्राफ कार्य उपरान्त बिल के साथ संलग्न करने होंगें।
13. निगम एवं जनहित में किसी भी शर्त को घटाने अथवा बढ़ाने एवं संशोधित करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
14. यह कि निगम द्वारा समय–समय पर विभिन्न स्थानों पर विभिन्न साईजों के फ्लैक्स बोर्ड कम्पलीट स्वीकृत दर पर लगाने होंगें।
15. यह कि स्थलों पर लगाये गये फ्लैक्स बोर्ड/हॉर्डिंगस कम–से–कम 30 दिन तक लगे रहेंगें। जिसकी जिम्मेदारी निविदादाता/फर्म की होगी।
16. यह कि निविदादाता/फर्म को **फ्लैक्स (कपडा/शीट, प्रिन्टिंग, डिजाईनिंग, लेबर सहित)** की दर प्रति वर्ग फुट देनी होगी। नियमानुसार देय जी0एस0टी0 अतिरिक्त।
17. यह कि निविदादाता/फर्म को **फ्लैक्स बोर्ड (कपडा/शीट, प्रिन्टिंग, डिजाईनिंग, फ्रेम, पेस्टिंग एवं चिन्हित साईटों पर कम्पलीट फ्लैक्स बोर्ड लेबर आदि सहित)** की दर प्रति वर्ग फुट देनी होगी। नियमानुसार देय जी0एस0टी0 अतिरिक्त।
18. यह कि यदि कार्य के दौरान स्वीकृत निविदादाता/फर्म के श्रमिक के साथ कोई घटना–दूर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी स्वीकृत निविदादाता/फर्म की होगी। नगर निगम किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
19. यह कि निविदादाता/फर्म को निविदा शर्त संख्या– 4, 6, 8 व 10 के अभिलेख मूल रूप में कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में निर्धारित दिनांक एवं समय में डालने अनिवार्य हैं।
20. यह कि निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।
21. यह कि स्वीकृत निविदादाता/फर्म को अनुबन्ध हेतु अंकन 100.00 रू0 का स्टाम्प पेपर देना होगा।
22. यह कि किसी भी वाद–विवाद के लिये नगर आयुक्त महोदय का निर्णय मान्य होगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी

Scanned with CamScanner

# नगर निगम, सहारनपुर।

पत्र सं0: 220 /स्वा0वि0/न0नि0सहा0/2020–21 दिनांक: 12/11/2020

## –::अति अल्पकालीक ई–निविदा सूचना::–

नगर आयुक्त सहारनपुर नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के प्रचार–प्रसार हेतु आई0ई0सी0 मद से कार्य/पत्रावली संख्या SBMSS-2021/01 एवं SBMSS-2021/02 के अनुसार दरों की ई–निविदायें टू बिड सिस्टम में इच्छुक अनुभवी फर्म/निविदादाता/पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 24.11.2020 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा ऑनलाईन **http://etender.up.nic.in** पर निर्धारित तिथि/समय तक अपलोड की जा सकती है। निविदादाता को निम्नलिखित कार्य/पत्रावली संख्या के अनुसार निविदा शुल्क की डी0डी0 लेखाधिकारी के नाम बन्धक कर अपलोड करनी होगी तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर/टी0डी0आर0 लेखाधिकारी नगर निगम, सहारनपुर के नाम अलग–अलग कार्यों में बन्धक कर अपलोड करनी होगी। उक्त की मूल प्रति निविदा शर्त में अंकित ऑनलाईन टेक्निकल बिड के साथ अपलोड करना अनिवार्य है तथा मूल एफ0डी0आर0/टी0डी0आर एवं डी0डी0 व ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र दिनांक24.11.2020 को अपरान्ह 3:30 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में रखे टैण्डर बॉक्स में डालना अनिवार्य है। शर्तानुसार प्रपत्र अपलोड न करने की स्थित में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। प्राप्त निविदाऐं का निविदा बॉक्स/निविदाऐं निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित दिनांक/समय में खोली जायेगीं। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकारी नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित है। टैण्डर नोटिस एवं शर्ते वैबसाईट **saharanpurnagarnigam.com** पर भी देखी जा सकती है यदि तद्दिनांक को किसी कारणवश अवकाश होता है तो कार्यवाही अगले कार्यदिवस में की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| E-Bid Reference | SBMSS-2021/01 एवं SBMSS-2021/02 | |
| Publish date for RFP | 17.11.2020 | |
| Last date time for submission of E-Bid | 24.11.2020 3:00 PM | |
| Date & Time of Opening Bid | 24.11.2020 4:30 PM | |
| E-Bids security of E –Bids & Tender Fees in Rupees | Rs. 1,00,000.00 for SBMSS-2021/01 | Tender Fees Rs 1298.00 With GST |
| | Rs. 75,000.00 for SBMSS-2021/02 | Tender Fees Rs 1298.00 With GST |
| E-Tender document Processing | File No. SBMSS-2021/01 एवं SBMSS-2021/02 As per tender list | |

नोट– बिना धरोहर राशि एवं टेन्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा ।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

प्रतिलिपि–

1. मा0 महापौर, नगर निगम, सहारनपुर ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. आई0टी0ओ0 (सीएलसी) को अपनी देख–रेख में टैण्डर नोटिस व शर्तें अपलोड करने हेतु।
5. सम्पादक दैनिक पंजाब केसरी एवं दैनिक शाह टाईम्स. को इस आश्य से कि उक्त विज्ञापन सूचना का प्रकाशन कम से कम स्पेस में (नौ फोन्ट) में डीएवीपी दर पर कराकर बिल 2 प्रतियो में समाचार पत्र की 3 प्रतियो सहित प्रस्तुत करे।
6. सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, सहारनपुर।

Scanned with CamScanner